तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 20 मई 2026

4
सुशासन तिहार में मिली पीएम आवास की चाबी
श्रम और राशन कार्ड से हुए लाभान्वित





**खबर संक्षेप**

## दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल की सजा

**रायगढ़।** शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी युवक को न्यायालय ने 20 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। इस संबंध में लोक अभियोजक गोविंद नारायण दुबे ने बताया कि पीड़िता जूटमिल थाना क्षेत्र की निवासी है। बीते 18 मई 2024 को सुबह 9 बजे स्कूल में आवेदन भरने की बात कह कर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। ऐसे में परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट जूटमिल थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने पीडिता के मोबाइल को ट्रेस किया। इससे प्रयागराज में होने की बात सामने आई। जिसके बाद पुलिस टीम प्रयागराज उत्तरप्रदेश निवासी अजीत कुमार निषाद पिता बृज मोहन निषाद के घर दबिश दी, जहां से पुलिस ने नाबालिग को बरामद किया। पूछताछ में नाबालिग ने बताया कि आरोपी युवक ने उससे शादी करने का झांसा देकर लगातार 10 दिनों तक दुष्कर्म किया। सख्ती से की गई पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल किया और पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया। जहां न्यायालय ने उसे नाबालिग का अपहरण करने और दुष्कर्म का दोषी मानते हुए 20 साल की सश्रम कारावास से दंडित किया।

## अवैध रेत खनन में लगी पोकलेन, जेसीबी जब्त

**रायगढ़।** सोमवार देर रात खनिज अमले ने संयुक्त अभियान चलाते हुए विभिन्न क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध खनन में संलिप्त मशीनों और वाहनों को जब्त किया। खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 18 मई की रात 10 बजे से सुबह 4 बजे तक सहायक खनि अधिकारी, खनि निरीक्षक एवं खनिज उड़नदस्ता दल द्वारा कार्रवाई की गई। इस दौरान ग्राम लेबड़ा में दबिश देकर अवैध रेत उत्खनन में लगी एक चैन माउंटेड मशीन पोकलेन को जब्त कर सील किया गया। वहीं ग्राम रानीगुड़ा में कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी और तीन ट्रैक्टर जब्त कर कलेक्टोरेट परिसर लाया गया। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि सभी वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमनद्ध अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23 क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। संबंधित मामलों में आगे वैधानिक कार्रवाई और शास्ति की प्रक्रिया की जाएगी। जिले में अवैध खननए परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए समिति गठित

**रायगढ़।** सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समिति का गठन किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायगढ़ मयंक चतुर्वेदी द्वारा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार गठित समिति में कलेक्टर रायगढ़ को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत रायगढ़ सदस्य सचिव होंगे। समिति में आयुक्त नगर पालिक निगम रायगढ़, कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायगढ़ तथा क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है। समिति जिले में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के कार्यान्वयन की सतत निगरानी करेगी। साथ ही नियमों की अवहेलना करने वाले बड़े ठोस अपशिष्ट उत्पादकों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए जल एवं विद्युत आपूर्ति बंद करने संबंधी निर्देश भी जारी कर सकेगी। इसके अतिरिक्त समिति द्वारा डंपिंग स्थलों का वर्चुअल स्पॉट निरीक्षण कर नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। समिति प्रत्येक पखवाड़े अपनी रिपोर्ट तैयार कर आवास एवं पर्यावरण विभागए छत्तीसगढ़ शासन को प्रेषित करेगी।

### पेट्रोल में 91 तो डीजल में 87 पैसे का इजाफा, वाहन चालकों की जेब ढीली

# तेल ने फिर निकाला दम, 5 दिन के भीतर बढ़े पेट्रोल-डीजल के दाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महंगाई की मार झेल रहे आम लोगों को एक बार फिर बड़ा झटका लगा है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर बढ़ोत्तरी हुई है। 5 दिनों के भीतर ही पेट्रोल में 91 पैसे और डीजल में 87 पैसे का इजाफा देखने को मिला है। इसके साथ ही रायगढ़ जिले में पेट्रोल 105 से अधिक हो गया है, जबकि डीजल 98 रूपए के पार जा पहुंचा है। तेल कंपनियों ने 19 मई से नए रेट लागू कर दिए हैं, जिसके बाद वाहन चालकों की जेब पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

गौरतलब है कि चार दिनों पहले ही तेल कंपनियों में पेट्रोल व डीजल की कीमतों में करीब 3.50 रूपए की बढ़ोत्तरी की थी। ऐसा पहली बार हुआ था कि सीधे एक बार में ही 3.50 का इजाफा किया गया। जिसके बाद फिर से तेल कंपनियों ने 19 मई को पेट्रोल व डीजल की कीमतों में बढ़ोत्तरी कर दी। मुख्य बात यह है कि डीजल महंगा होने का असर केवल वाहनों तक ही सीमित नहीं रहेगा, बल्कि ट्रकों सहित अन्य मालवाहक वाहनों के भाड़े की दरों में भी सीधे तौर पर इजाफा होगा और इसकी वजह से दूसरे जिलों या राज्यों से आने वाली सब्जिया, फल, राशन सहित अन्य रोजमर्रा की सामाग्रियों की कीमतों में भी इजाफा होगा। इन सब के इतर पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोत्तरी की वजह से जेब पर अतिरिक्त खर्च भी बढ़ेगा और घर का भी बजट भी बिगड़ जाएगा। बताया जा रहा है कि ट्रांसपोर्टर व मालवाहक वाहन मालिक भी अब अपनी दरों में बढ़ोत्तरी करने पर विचार कर रहे हैं। ऐसे में महंगाई की मार सीधे जनता पर ही पड़ेगी। जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ जिले में पेट्रोल की कीमत में 91 पैसे प्रति लीटर और डीजल में 87 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। इसके साथ ही पेट्रोल 105.45 रूपए हो चुका है। इसका असर भी अब देखने को मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर ट्रेवल्स एंजेट में गाड़ियों का किराया 200 से 500 रूपए तक बढ़ा दिया है।



पेट्रोल पंप पर लगी लाइन।

### सभी पेट्रोल पंप में बढ़ी बिक्री

जानकारी के अनुसार इस परिस्थिति की वजह से बीते कुछ दिनों में पेट्रोल पंप के बिक्री में इजाफा देखने को मिल रहा है। रायगढ़ ब्लॉक में ही 70 पेट्रोल पंप हैं, इसमें सभी पंप की बिक्री दो से तीन गुना हो गई है। वहीं दूसरी ओर भारी वाहनों को दिए जाने वाले डीजल की मात्रा निर्धारित कर दी गई है। ऐसे में पेट्रोल पंप में स्टॉक की स्थिति को देखते ट्रक व ट्रेलर चालकों को डीजल की दिया जा रहा है। डीजल की खपत बढ़ने की वजह से बीते दिनों इंडियन ऑयल के 5 पेट्रोल पंप ड्राई हो गए।

### किसानों को नहीं मिल रहा डीजल

ग्रामीण क्षेत्रों में पंप व अन्य कृषि उपकरणों के संचालन के लिए किसान घरों में डीजल के स्टॉक रखते हैं, लेकिन वर्तमान में पेट्रोल पंप से उन्हें ड्रम आदि में डीजल नहीं मिल रहा है। ऐसे में कृषि उपकरणों के संचालन को लेकर कई किसानों की चिंता बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर कुछ ग्रामीणों क्षेत्रों में इस आपदा को अवसर मानकर कोचिए अधिक कीमतों में डीजल व पेट्रोल की बिक्री भी कर रहे हैं। मुख्य बात यह है कि पेट्रोल पंप में बिक्री बढ़ गई है, लेकिन उपलब्धता उसी मात्रा में हैं। यही वजह है कि यह परेशानी सामने आ रही है।

### आम आदमी की बढ़ी चिंता

लगातार बढ़ती ईंधन कीमतों का असर अब सिर्फ वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहेगा। परिवहन खर्च बढ़ने से रोजमर्रा की चीजें भी महंगी हो सकती हैं। ऐसे में पहले से महंगाई से जूझ रहे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। पेट्रोल-डीजल की नई कीमतों को लेकर सोशल मीडिया पर भी लोगों की नाराजगी देखने को मिल रही है। कई लोगों का कहना है कि लगातार बढ़ते ईंधन दामों ने घरेलू बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है।

### खरसिया का वंदना पेट्रोल पंप सील

जिला प्रशासन की टीम ने मंगलवार देर रात खरसिया स्थित वंदना पेट्रोल पंप का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं आवश्यक निर्देशों का पालन नहीं पाया गयाए जिसके बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप को सील कर दिया। निरीक्षण में संचालन और सुरक्षा संबंधी प्रावधानों में अनियमितताएं सामने आने पर अधिकारियों ने कड़ी नाराजगी जताई। प्रशासनिक जांच में निर्देशों के उल्लंघन की पुष्टि होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि उपभोक्ता हितों और आमजन की सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई रायगढ़ एडीएम प्रवीण तिवारी, जिला खाद्य अधिकारी तथा खरसिया तहसीलदार की उपस्थिति में संपन्न हुई।



## गर्मी से बेहाल हाथी ने खेत में बनी टंकी के पानी से किया स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

इन दिनों आसमान से बरस रही आग ने इंसानों के साथ-साथ जंगल के बेजुबान जीवों का भी जीना मुश्किल कर दिया है। भीषण गर्मी और सूखते जलस्त्रोतों के बीच रायगढ़-ओडिशा सीमा से एक ऐसा नजारा सामने आया, जिसने लोगों का दिल जीत लिया। यहां गर्मी से परेशान एक विशालकाय हाथी राहत की तलाश में गांव के पास बने पोखर तक पहुंच गया और फिर जो हुआ, उसे देखकर ग्रामीण भी मुस्कुरा उठे।

इस संबंध में बताया जा रहा है कि जंगल में पानी की तलाश करते-करते यह हाथी गांव के करीब पहुंचा। जैसे ही उसकी नजर पोखर पर पड़ी, मानो उसे गर्मी से छुटकारे का खजाना मिल गया हो। फिर क्या था गजराज सीधे पानी में उतर गया और सूंड में पानी भर-भरकर अपने शरीर पर डालने लगा। कभी वह पानी उछालता नजर आया तो कभी पूरे आराम से पोखर में खड़े होकर गर्मी भगाता दिखा। चिलचिलाती धूप के बीच हाथी का यह स्नान' देख वहां मौजूद ग्रामीण भी हैरान रह गए। हाथी के इस दिलचस्प अंदाज को ग्रामीणों ने अपने मोबाइल कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। लोग इस वीडियो को देखकर एक तरफ जहां गजराज की मासूमियत पर प्यार लुटा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ जंगलों में पानी की कमी को लेकर चिंता भी जता रहे हैं। बता दें कि इस भीषण गर्मी में वन्य जीवों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि गर्मी की वजह से मनुष्य सहित वन्यजीवों को भी काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। सूत्र बता रहे है कि ग्रामीण क्षेत्र में लगे तालाबों में रोजाना हाथियों की मौजूदगी देखी जा रही है।

### जंगलों में सूखे जलस्रोत

वन्यजीव विशेषज्ञों के मुताबिक, लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जंगलों के प्राकृतिक जलस्रोत तेजी से सूख रहे हैं। ऐसे में हाथी और अन्य जंगली जानवर पानी की तलाश में आबादी वाले इलाकों की ओर आने को मजबूर हो रहे हैं। विशेषज्ञों ने लोगों से अपील की है कि ऐसे हालात में वन्यजीवों से दूरी बनाए रखें और उन्हें परेशान न करें। साथ ही जंगलों में कृत्रिम जलस्रोत बढ़ाने की जरूरत भी बताई जा रही है, ताकि वन्यजीवों को राहत मिल सके।

## पुलिस ने की अवैध कबाड़ पर कार्रवाई, 77 टन जब्त

**रायगढ़।** जूटमिल और छाल पुलिस ने अवैध कबाड़ कारोबार के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 77 टन अवैध कबाड़ जब्त किया है। जब्त किए गए कबाड़ की कीमत करीब 23 लाख से अधिक आंकी जा रही है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जूटमिल पुलिस को पटेलपाली सब्जी मंडी के पास मुख्य मार्ग किनारे खड़े ओड़िशा पासिंग ट्रक क्रमांक ओडी-19-सी-4666 में भारी मात्रा में कबाड़ लोड मिला। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर ट्रक को पकड़ा। जांच के दौरान ट्रक में लोहे एवं टीन का भारी मात्रा में कबाड़ लोड पाया गया। मौके पर वाहन चालक प्रमोद कुमार यादव पिता उपेंद्र यादव 26 वर्ष निवासी हाल मुकाम भुवनेश्वर से वाहन एवं कबाड़ से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। चालक द्वारा लिखित में दस्तावेज नहीं होना बताया गया। जिसके बाद ट्रक में लोड करीब 24 टन कबाड़ जब्त कर लिया गया। इसी प्रकार छाल पुलिस ने भी कार्रवाई करते हुए भोजराम पटेल पिता विद्यानंद पटेल 38 वर्ष निवासी बेहरामार से 8 एमएम का 22 बंडल, 10 एमएम का 21 बंडल तथा 12 एमएम सरिया 12 बंडल सरिया जब्त किया। जिसका कुल वजन 5 हजार 300 किलोग्राम था, इसकी कीमत 3 लाख 15 हजार रुपए आंकी गई। पुलिस ने भोजराम पटेल को नोटिस देकर सरिया के बिल एवं वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद चोरी की संपत्ति होने के संदेह पर 35(1-सी) एवं 303(2) के तहत कार्रवाई की गई।



### तमनार पुलिस ने जब्त की 12 लीटर महुआ शराब

**रायगढ़।** तमनार पुलिस द्वारा ग्राम उरबा में अवैध शराब के खिलाफ रेड कार्रवाई की गई। ग्राम उरबा दर्रीपारा निवासी रामकुमार यादव अपने बाड़ी में अवैध बिक्री के लिये महुआ शराब छिपाकर रखा हुआ है। पुलिस टीम द्वारा मौके पर घेराबंदी कर छापेमार कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान आरोपी रामकुमार यादव पिता नवबोधन यादव 32 वर्ष निवासी दर्रीपारा उरबा मौके पर मिला। पुलिस द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी ने अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया तथा अपने घर के बाड़ी में बिक्री के लिये छुपाकर रखे पीले रंग की 15 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक जरीकेन में भरी करीब 12 लीटर महुआ शराब जब्त की। आरोपी के विरुद्ध थाना तमनार में धारा 34(2), 59-क आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।



## 750 से अधिक मेडिकल स्टोर्स में आज लगेगा ताला

**रायगढ़।** दवा विक्रेताओं ने राष्ट्रव्यापी आह्वान के बाद

- ऑनलाइन दवा बिक्री के खिलाफ सांकेतिक विरोध, अस्पताल व रेडक्रॉस की दुकानें को मिली बंद से छूट

ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के विरोध में अपने मेडिकल दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है। ऐसे में आज जिले के करीब 750 मेडिकल स्टोर्स बंद रहेंगे। हालांकि इस दौरान अस्पताल के भीतर मौजूद और रेडक्रास की दवा दुकानें खुली रखी जाएंगी। दवा विक्रेता अपनी दुकानें एक दिन के लिए बंद कर सांकेतिक विरोध करेंगे।

मेडिकल स्टोर्स संचालकों की मानें तो समय-समय पर कुछ ऑनलाइन प्लेटफार्म पर नकली दवाओं की बिक्री का मामले सामने आते रहे हैं। कई बार लोगों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर कम




कीमतों और विशेष छूट का ऑफर देकर अमानक दवा थमा दी जाती है। इसकी कोई निगरानी नहीं की जाती, जिसकी वजह से मरीज के स्वास्थ्य पर इसका विपरित असर पड़ता है। आनलाइन प्लेटफार्म में बिकने वाली दवाओं की वजह से कई बार मान्यता प्राप्त दवा विक्रेताओं को भी कई तरह का खामियाजा भुगतना पड़ जाता है, वहीं दूसरी ओर इस कारण दवा विक्रेताओं को आर्थिक रूप से हानि होती है। यही वजह है कि वे आनलाइन बिकने वाली दवाओं के खिलाफ एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन कर रहे हैं।

इस दौरान बुधवार को जिले की सभी 750 मेडिकल स्टोर्स बंद रहेंगी। किंतु जिला चिकित्सालय और समस्त विकासखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केन्द्रों, धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, अपोलो फार्मेसी, हास्पीटल अटैच फार्मेसी तथा मेडिकल स्टोर्स को इस बंद से अलग रखा गया है। ऐसे में लोगों को आपातकालीन स्थिति इन मेडिकल स्टोर्स से दवा उपलब्ध हो सकेगी। कार्यालय, उप संचालक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी किए आदेश के तहत जरूरतमंद लोग चिकित्सक की पर्ची लेकर इन मेडिकल स्टोर्स से दवा खरीद सकते हैं।

### कई बार की गई शिकायत

दवा विक्रेताओं ने बताया कि ऑनलाइन प्लेटफार्म पर बिकने वाली दवाओं को लेकर लंबे समय से सरकार से शिकायत की जा रही है, लेकिन अब तक इस मामले में सरकार की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसी के विरोध में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट के आह्वान पर यह राष्ट्रव्यापी बंद रखा गया है। इस दौरान जिले के समस्त दवा विक्रेता एक दिन के लिए अपना कारोबार बंद रखेंगे।

### पर्ची के बिना मिल जाती है दवाएं

दवा विक्रेताओं की मानें तो कई ऑनलाइन कंपनियों द्वारा चिकित्सक की पर्ची के बिना ही दवाईयां उपलब्ध कराई जाती हैं। जिससे इंटीबायोटिक व अन्य संवदेनशील दवाओं का गलत इस्तेमाल किया जाता है। नाबालिग बच्चे इन दवाओं का उपयोग नशे के लिए भी करते हैं।

## फरार खाईवाल जसमीत ने किया सरेंडर, हमेशा के लिए सट्टे से की तौबा

**रायगढ़।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा नेटवर्क के विरुद्ध चल रही लगातार कार्रवाई के बीच मंगलवार को एक और सट्टा खाईवाल जसमीत बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। आरोपी एसपी कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के समक्ष प्रस्तुत हुआ और सट्टे के अवैध कारोबार से हमेशा के लिए अलग होकर समाज की मुख्यधारा में जुड़कर नया जीवन शुरू करने की बात कही। बता दें कि आरोपी जसमीत बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार 40 वर्ष निवासी गोपी टॉकीज,



हेप्पी ट्रेवल्स के बगल ने बताया कि फरारी के दौरान वह लगातार डर और तनाव में जी रहा था तथा परिवार की चिंता उसे परेशान कर रही थी। उसने भविष्य में किसी भी प्रकार के सट्टा अथवा अवैध गतिविधियों में शामिल नहीं होने की बात कही। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि आरोपी जसमीत बग्गा उर्फ गुड्डा सरदार सट्टा खाईवाल आरोपी करन चौधरी उर्फ करन अग्रवाल के नेटवर्क का संचालन संभालता था और स्वयं भी बड़ा सट्टा खाईवाल बन चुका था।

### शिविर में उमड़ी लोगों की भीड़, 139 आवेदन जमा

# सुशासन तिहार में राशन कार्ड, सड़क-नाली के आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुशासन तिहार अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 एवं 14 से 19 तक के नागरिकों के लिए गौशाला पारा सामुदायिक भवन में आयोजित शिविर में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी। शिविर में नागरिकों की समस्याओं एवं मांगों के निराकरण हेतु कुल 139 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें एपीएल राशन कार्ड को बीपीएल में परिवर्तित करने, महतारी वंदन योजना, पेंशन योजना का लाभ दिलाने, प्रधानमंत्री आवास योजना, सड़क एवं नाली निर्माण जैसी मूलभूत सुविधाओं से संबंधित आवेदन प्रमुख रहे।

शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य नागरिक आपूर्ति, विद्युत विभाग, स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, आधार कार्ड अपडेशन, जन्म.मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, जिला उद्योग एवं व्यापार सहित करीब 13 विभागों के स्टॉल लगाए गए थे। संबंधित वार्डों के नागरिक बड़ी संख्या में शिविर में पहुंचे और विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लिया। नागरिकों ने विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं एवं मांगों को आवेदन के माध्यम से प्रस्तुत किया। निगम प्रशासन द्वारा सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निराकरण की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। शिविर स्थल पर ही कई आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर निराकरण भी किया गया तथा संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया।

शिविर का अवलोकन करने पहुंचे महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि सुशासन तिहार शासन और जनता के बीच विश्वास का मजबूत माध्यम बन रहा है। इस पहल से लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे हैं बल्कि एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। सभापति डिग्रीलाल साहू ने कहा कि शिविरों के माध्यम से आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है।




### आयुक्त ने की समीक्षा

नगर निगम आयुक्त बृजेश सिंह क्षत्रिय ने शिविर में प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचाना है। किसी भी पात्र हितग्राही को योजना के लाभ से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। आयुक्त ने अधिकारियों से समय सीमा के भीतर कार्रवाई कर आवेदकों को राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

## शादी कार्यक्रम में विवाद, मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** घरघोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एक विवाह कार्यक्रम को लेकर विवाद करने और घर घुस कर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। धनमोती सारथी पति रामकुमार सारथी 45 निवासी बरकसपाली ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 12 मई को पड़ोसी रामकुमारी सारथी के पुत्र विनोद सारथी के विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उनके परिवार को निमंत्रण दिया गया था। विवाह में जाने पर रामलाल सारथी द्वारा उन्हें बाद में अलग से पार्टी देने की बात कहकर वापस भेज दिया गया। इसी बात को लेकर 18 मई की शाम प्रार्थिया द्वारा रामलाल सारथी से पार्टी देने की बात पूछने पर वह नाराज होकर अपने घर चला गया। इसके बाद रात करीब 9 बजे रामलाल सारथी, मनोज सारथी एवं



मंगल सिंह सारथी तीनों धनमोती सारथी के घर पहुंचे और बाहर गली में दरवाजा खोलने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। दरवाजा नहीं खोलने पर तीनों आरोपियों ने डंडा लेकर जबरन घर का दरवाजा तोड़ दिया और भीतर घुसकर मारपीट शुरू कर दी। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आई प्रार्थिया की बेटियों सुक्रिता सारथी एवं अनिता सारथी के साथ भी आरोपियों ने हाथ-मुक्के से मारपीट की, जिससे दोनों को चोटें आईं। आरोपियों के खिलाफ धारा 296, 351(3), 115(2), 331(6), 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

खबर संक्षेप



**रायगढ़।** रायगढ़ प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता गुरपाल भल्ला के निवास पहुंचकर मुलाकात करते हुए स्वास्थ्य की जानकारी ली और कुशलक्षेम की कामना की।

## चरखा पारा में दो नए कुओं को मिली मंजूरी

**रायगढ़।** ग्राम पंचायत चरखा पारा में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में बड़ी पहल की गई है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत नल जल योजना का पूरा ढांचा तैयार होने के बावजूद मुख्य बोरवेल के सूख जाने से ग्रामीणों को पानी के गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा था। पानी की टंकी, पाइपलाइन और घर घर लगे नल होने के बाद भी जलापूर्ति बंद थी, जिससे ग्रामीणों में लगातार परेशानी और नाराजगी बनी हुई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए सीईओ जिला पंचायत अभिजीत बबन पठारे ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नए कुओं के निर्माण को प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्य में किसी प्रकार की देरी न हो और ग्रामीणों को जल्द राहत पहुंचाई जाए। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना मनरेगा के तहत इस कार्य के लिए कुल 10 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। दोनों कुओं के निर्माण पर लगभग 5-5 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इस परियोजना से न केवल गांव में पेयजल व्यवस्था मजबूत होगीए बल्कि निर्माण कार्य के दौरान स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उल्लेखनीय है कि विगत दिनों इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से मुलाकात कर गांव की स्थिति से अवगत कराया। पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि गांव में मौजूद बोरवेल पूरी तरह सूख चुका हैए जिसके कारण नल जल योजना ठप हो गई है और ग्रामीणों को पेयजल के लिए दूर-दूर तक भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने एक व्यावहारिक और स्थायी समाधान का प्रस्ताव भी रखा। योजना के तहत गांव में दो नए कुओं का निर्माण किया जाएगा।

## वनदेवी मंदिर इंजको में श्रीमद्भागवत कथा 24 से

**पत्थलगांव।** वनदेवी मंदिर इंजको में 24 से 31 मई तक श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ होगा। 31 मई हवन पश्चात कथा का विश्राम होगा। श्रीमद् भागवत कथा की व्याख्या व्यास पीठ से आचार्य दिलीप उपाध्याय श्रीधाम वृन्दावन वाले करेंगे। आयोजनकर्ता कथा की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## जन औषधि केंद्र, धन्वंतरी स्टोर खुले रहेंगे

**जशपुरनगर।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले में आम नागरिकों को आवश्यक दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की है। जिले में संचालित जन औषधि केंद्र, धन्वंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर एवं प्राइवेट अस्पताल से संलग्न फार्मेसी के माध्यम से दवाएं उपलब्ध रहेंगी। मरीजों को असुविधा न हो इसके लिए निर्देश जारी किए गए हैं। आपातकालीन स्थिति में सेवा देने के लिए सभी 6 ब्लॉकों में हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराए गए हैं। इनमें ब्लॉक जशपुर से फर्म पटौदी मेडिकल स्टोर 9425251220ए ब्लॉक पत्थलगांव फर्म गोयल मेडिकल स्टोर 7000988142 और फर्म विकास मेडिकल स्टोर 9424180264, ब्लॉक कुनकुरी फर्म अजय मेडिकल स्टोर 6260293137, ब्लॉक बगीचा फर्म जी एस मेडिकल स्टोर 9406421000, ब्लॉक कांसाबेल फर्म अग्रवाल मेडिकल स्टोर 9630949630 एवं ब्लॉक फरसाबहार फर्म चौधरी मेडिकल स्टोर 9691313553 शामिल हैं। आमजन से अनावश्यक दवाओं का संग्रहण नहीं करने की अपील करते हुए नियमित दवाओं की आवश्यकता वाले मरीज चिकित्सकीय परामर्श से दवाएं पहले सुरक्षित रख लेने की सलाह दी गई है।

# 25 मई तक जिले में चलेगा जनजातीय गरिमा उत्सव, 315 चयनित ग्रामों में होंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले में जनभागीदारी सबसे दूर सबसे पहले थीम पर जनजातीय गरिमा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह विशेष अभियान 25 मई तक जिले के चयनित 315 जनजातीय बहुल ग्रामों में संचालित होगा।

- दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों तक शासन की पहुंच मजबूत करने विशेष अभियान शुरू

अभियान का मुख्य उद्देश्य दूरस्थ एवं विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समुदायों तक शासन की योजनाओं और मूलभूत सुविधाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करना है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, सामाजिक सुरक्षा, बैंकिंग, दस्तावेजीकरण, हितलाभ वितरण, शिकायत निराकरण, जनजागरूकता एवं ग्राम स्तरीय सहभागिता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगाए ताकि उन्हें छोटी छोटी सुविधाओं के लिए दूर दराज के कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसी क्रम में आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने अभियान के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा



निर्देश देते हुए कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत स्थापित सभी आदि सेवा केंद्रों को सक्रिय किया जाए तथा वहां आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को एक ही स्थान पर सभी शासकीय सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक ग्राम में चयनित आदि कर्मयोगियों का पंजीयन, प्रशिक्षण एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सप्ताह में एक दिन मैदानी अमले की उपस्थिति आदि सेवा केंद्रों में सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए ताकि ग्रामीणों को समयबद्ध तरीके से योजनाओं का लाभ मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान शासन और जनजातीय समुदायों के बीच विश्वास निर्माण का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा तथा प्रशासन को गांवों तक सीधे पहुंचाने का कार्य करेगा।

### 315 ग्रामों में स्थापित किए गए आदि सेवा केंद्र

जिले में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत 315 आदिवासी बाहुल्य ग्रामों में आदि सेवा केंद्र स्थापित किए गए हैं। इनमें धरमजयगढ़ विकासखंड में 119, लैलूंगा में 77, तमनार में 42, घरघोड़ा में 37, खरसिया में 25, पुसौर में 5 तथा रायगढ़ विकासखंड में 10 आदि सेवा केंद्र शामिल हैं। आदि सेवा केंद्र ग्रामीणों के लिए श्सिंगल विंडो सिस्टम के रूप में कार्य करेंगे। इन केंद्रों के माध्यम से विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी, आवेदन, प्रमाण पत्र, बैंकिंग सेवाएं, स्वास्थ्य सुविधाएं एवं शिकायत निवारण जैसी सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जाएंगी। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय परिवारों को योजनाओं का लाभ लेने में सुविधा होगी तथा प्रशासनिक सेवाओं की पहुंच और अधिक मजबूत होगी।

### नगर पंचायत नहीं कर रही है कार्रवाई, अब कलेक्टर से न्याय की गुहार

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण और ट्यूब वेल खनन को लेकर नगर पंचायत में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

नगर के मुख्य मार्ग स्थित अटल चौक एवं गांधी चौक के मध्य हाई स्कूल के सामने सड़क किनारे चौड़ी नाली को पाट कर निजी एक व्यापारी द्वारा निजी उपयोग किया जा रहा है। व्यापारी के कारनामों की शिकायत नगर पंचायत में की गई, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। अब इसकी शिकायत एसडीएम कलेक्टर से करने की तैयारी की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया के मुख्य मार्ग अटल चौक से गांधी चौक के मध्य हाई स्कूल के सामने एक व्यापारी ने शासकीय नाली को क्षति पहुंच कर भारी वाहन प्रवेश करने के उद्देश्य से अपने व्यापार को बढ़ा रहा है। तथा सड़क किनारे के आम रास्ता में भारी वाहनों को अवैध पार्किंग बनाकर आम नागरिकों को परेशानी में डाल दिया है। यही नहीं उक्त व्यापारी ने शासकीय जमीन में अपने निजी स्वार्थ के लिए अवैध ट्यूबवेल खनन किया है। सरिया में मनमानी ढंग से हो रहे कारनामों को लेकर जागरूक नागरिक इसकी शिकायत मुख्य नगर पालिका अधिकारी



नगर पंचायत सरिया में किया। इसके बाद भी अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं होने से जागरूक नागरिक अब इसकी शिकायत एसडीएम एवं कलेक्टर से करने का मन बना लिया है। जागरूक नागरिक ने बताया कि जब इसकी शिकायत मौखिक रूप से व्यापारी से किया तो मेरे साथ दुर्व्यवहार किया गया तथा मुझे धमकाया गया। जागरूक नागरिक ने व्यापारी के करतूत को लेकर नगर पंचायत सरिया में 20 जून 25 एवं 21 अगस्त 25 को लिखित शिकायत किया। इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होने से जागरूक नागरिक ने इसकी जानकारी सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत मांग किया गया। जहां नगर पंचायत के कार्य शैली पर सवालिया निशान लग रहे है। बताया जाता है कि शासकीय भूमि और आम रास्ता पर अवैध पार्किंग और अनाधिकृत रूप से खनन गंभीर कानूनी अपराध के श्रेणी में आता है। इसके बाद भी नगर पंचायत की खामोशी किसी ने किसी रूप में संदेह को जन्म देता है। अवैध पार्किंग होने से आमजनों को आवागमन में परेशानी हो रही है। स्कूल के समय जहां बड़ी संख्या में स्कूली छात्र छात्राएं उक्त रास्ता से होकर आवागमन करते हैं तथा मरीज को भी इसी रास्ता से होकर जाना पड़ता है। लेकिन व्यापारी के माल वाहक भारी वाहन खड़े रहने से हमेशा परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जागरूक नागरिक ने राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, नगर पंचायत विभाग सभी से मांग किया है कि नगर पंचायत में दिए गए मेरे आवेदन पर शीघ्र कार्रवाई की जाए अन्यथा मुझे प्रशासन के खिलाफ धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा। जिसमें संपूर्ण जिम्मेदारी नगर पंचायत प्रशासन की होगी।

### उचित कार्रवाई की जाएगी

शासकीय भूमि में अतिक्रमण एवं अवैध ट्यूब बेल खनन की शिकायत मिली है। व्यापारी को मौखिक एवं लिखित रूप में समझाया गया है। इसके बाद भी व्यापारी नहीं मान रहा है। उच्च अधिकारियों के मार्गदर्शन पर अब उचित कार्रवाई की जावेगी।

**-लाल सिंह मरकाम**
सीएमओ नगर पंचायत सरिया

# छात्रों में बढ़ती नशे की लत चिंतन का विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

कुछ महीनों से पुसौर क्षेत्र के कुछ नामचीन स्कूलों के छात्रों के आचरण को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। कई छात्र स्कूल ड्रेस में ही स्कूल से भागकर सुनसान जगहों पर गुट बनाकर नशा करते पकड़े गए हैं। कुछ मामले तो मारपीट और छोटी मोटी चोरी तक पहुंच गए जिनकी शिकायत थाने और बाल न्यायालय तक पहुंची है।

इससे यह साफ हो गया है कि व्यभिचार अब सिर्फ नैतिक पतन तक सीमित नहीं रहा बल्कि अपराध का रूप ले चुका है। शिक्षा के प्रचार के लिए दशकों से काम कर रही हरित सेवा समिति के अध्यक्ष सीताराम चौहान ने इस प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा जिस उम्र में बच्चों को शारीरिक मानसिक और नैतिक रूप से मजबूत बनना चाहिए उस उम्र में उनका भटकाव पूरे समाज के लिए खतरे की घंटी है। आखिर स्कूल कॉलेज में ऐसा क्या हो रहा है कि बच्चे गलत रास्ता चुन रहे हैं सीताराम चौहान याद करते हैं एक दौर था जब छात्र आपस में सिर्फ पढ़ाई की बात करते थे। पाठ्य पुस्तक से जुड़ा कोई सवाल हो तभी एक.दूसरे से संवाद होता था, लेकिन आज दोस्ती के नाम पर गुटबाजी और भटकाव बढ़ रहा है। हालांकि यह सभी बच्चों के साथ नहीं है पर जितने भी हैं उतने भी समाज के लिए घातक हैं। कहां हो रही चूक इस तथ्य पर परिवार की निगरानी में कमी को बताया जा रहा है भागदौड़ भरी जिंदगी में माता पिता बच्चों को समय नहीं दे पा रहे हैं। चहीं स्कूल की जवाबदेही भी है जिसमें अटेंडेंस के बाद बच्चे स्कूल में हैं या बाहर इसकी मॉनिटरिंग कमजोर है। नशे की आसान उपलब्धता भी इस पर सवाल खडे कर रहे हैं। कस्बे के आसपास गुटखा सिगरेट और यहां तक कि शराब भी आसानी से मिल जाना है। मोबाइल और गलत संगत तथा इंटरनेट पर गलत कंटेंट और अपराध को ग्लैमराइज करने वाली संगत बच्चों को भटका रही है। सम्मान से सुधार तक का सफर हरित सेवा समिति पिछले 20 वर्षों से क्षेत्र में 10वीं-12वीं में अव्वल आने वाले छात्रों को सम्मानित करती आ रही है। सीताराम चौहान कहते हैं हम मेधावी बच्चों को मंच देकर दूसरों को प्रेरित करते हैं। लेकिन जब उन्हीं स्कूलों के कुछ बच्चे नशे की गिरफ्त में दिखते हैं तो बहुत पीड़ा होती है।

## पति-पत्नी के नाम पर 5 लाख की फिक्स डिपॉजिट, अवधि पूरी होने के बाद एजेंट ने नहीं दी राशि, एसडीएम करेंगे जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जनदर्शन में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों की समस्याओंए मांगों एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का नियमानुसार, समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

ग्राम रुचिदा निवासी बाबूलाल सारथी ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि एक व्यक्ति द्वारा स्वयं को पी ए सी ए ल इं डि या लिमिटेड में का य र्र त बताकर उनके एवं उनकी पत्नी के नाम से 5 लाख की फिक्स डिपॉजिट कराई गई थी, किंतु निर्धारित अवधि पूर्ण होने के बाद भी राशि वापस नहीं की जा रही है। कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। जनदर्शन में ग्राम पंचायत लामीदरहा के सरपंच द्वारा निर्माण कार्यों में राशि गबन की शिकायत करते हुए जांच की मांग

- निर्माण कार्यों में राशि गबन की होगी जांच, अतिक्रमण पर कार्रवाई भी



की गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने टीम गठित कर विस्तृत जांच कराने के निर्देश दिए। बड़े राजपुर निवासी विजय राजपूत ने प्रधानमंत्री आवास योजना की तीसरी किश्त की राशि दिलाने की मांग रखी। वहीं छाल की गीता डडसेना ने पीएमजीपी योजना अंतर्गत सेंशन लेटर जारी होने के बावजूद बैंक द्वारा ऋण स्वीकृत नहीं किए जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि बैंक में सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद भी उन्हें ऋण उपलब्ध नहीं कराया गया है। रायगढ़ की राधिका यादव ने प्रधानमंत्री स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालय निर्माण संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। ग्राम झलमला के ग्रामीणों ने पंचायत स्थित सामुदायिक भवन में अवैध कब्जा हटाने की मांग की। ग्राम गंगाधरपुर के ग्रामीणों ने शासकीय बोर का निजी उपयोग किए जाने से उत्पन्न पेयजल समस्या से अवगत कराया। जनदर्शन में सीमांकन, अतिक्रमण हटाने, मुआवजा राशि, शौचालय एवं मोबाइल टॉवर से जुड़े विभिन्न आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला प्रशासन के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## किराना दुकान की आड़ में चल रही थी मधुशाला पुलिस ने दी दबिश तो मां बेटे का बवाल

**कुड़ेकेला।** महाराणा प्रताप चौक के आगे एक महिला किराना दुकान की आड़ में अवैध हाथ भट्ठी महुआ शराब और विदेशी मदिरा का काला कारोबार धड़ल्ले से चला रही थी। ग्रामीणों की लंबे समय से मिल रही शिकायतों के बाद आज सुबह जब छाल पुलिस की संयुक्त टीम ने दबिश दी तो मौके पर हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। 'महिला होने का फायदा और खिड़की से सप्लाई पकड़े जाने के डर से शातिर महिला ने सुरक्षा का तगड़ा बंदोबस्त कर रखा था। वह अपने घर के मुख्य दरवाजे पर हमेशा ताला लटका कर रखती थी ताकि किसी को शक न हो। महिला होने का पूरा फायदा उठाते हुए उसने घर की खिड़की को ही अपना सप्लाई काउंटर बना लिया था। ग्राहक आते खिड़की से पैसे देते और अंदर से अवैध शराब सरका दी जाती। ग्रामीणों की नाक के नीचे लंबे समय से यह खेल चल रहा था जिससे तंग आकर आखिरकार लोगों ने पुलिस की शरण ली। सोमवार सुबह जब पुलिस की संयुक्त टीम ने पूरी तैयारी के साथ तड़के ही महिला के ठिकाने पर रेड मारी तो घर के अंदर हड़कंप मच गया। पुलिस के आने की भनक लगते ही आरोपी महिला ने आनन फानन में घर के अंदर रखे अवैध शराब और सबूतों को ठिकाने लगाना शुरू कर दिया और घर की सफाई कर दी। जब पुलिस टीम ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर सन्नाटा पसर गया। काफी देर तक अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं हुई। आखिरकार पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए जैसे तैसे घर के भीतर प्रवेश किया और मुख्य गेट को अंदर से खुलवाया। घर के अंदर घुसते ही पुलिस का सामना तीखी बहस से हुआ। खुद को फंसता देख महिला और उसका बेटा पुलिस टीम पर ही भड़क गए। दोनों ने मिलकर न सिर्फ पुलिसकर्मियों से जमकर बहसबाजी की बल्कि घर की तलाशी लेने में भी कानूनी काम में जमकर बाधा पहुंचाई। माँ बेटे की इस दादागिरी और ड्रामे के बावजूद पुलिस टीम डटी रही। इस कार्रवाई के बाद से आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि इस अवैध ठिकाने के कारण क्षेत्र का माहौल खराब हो रहा था। फिलहाल पुलिस इस मामले पर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

## हरदी के सुशासन शिविर में 6 महिला स्वसहायता समूह को 6.6 लाख का चेक वितरण किया गया




**सारंगढ़।** कलेक्टर पदमिनी भोई साहू की अध्यक्षता में सारंगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरदी के हाईस्कूल प्रांगण में सुशासन तिहार शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत सदस्य लता लक्ष्मे, विनोद भारद्वाज सहित जिला स्तरीय अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे। लता लक्ष्मे ने पेयजल समस्या का निराकरण करने और विनोद भारद्वाज ने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि पात्र हितग्राहियों को शत.प्रतिशत योजनाओं का लाभ दिलाएं। इस क्लस्टर जनसमस्या निवारण शिविर में शामिल गांवों के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायतवार अपने आवेदन का पंजीयन कराया। शिविर में स्वास्थ्य, आयुष और पशुधन विभाग द्वारा उपचार की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा कुल 30 लाख रूपये का प्रतीकात्मक चेक, 6 महिला स्वसहायता समूह को 6-6 लाख का वितरण किया गया, इसमें स्वसहायता समूह उज्ज्वला रेड़ा, गुरूवारी हरदी, खुशी चुरेला, मां शारदा अमेठी और स्वागत चुरेला शामिल है।

- हितग्राहियों को राशन कार्ड, उज्ज्वला गैस, कृषि आदान, पीएम आवास प्रमाण पत्र वितरित

इसी तरह राशन कार्ड, पीएम उज्ज्वला योजना, कृषि आदान, पीएम आवास ग्रामीण पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ-साथ गर्भवती माताओं का गोदभराई रस्म एवं शिशुओं का अन्न प्रासन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग की योजनाओं की जानकारी दी। इसमें कृषि, महिला एवं बाल विकास, पशुधन, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, विद्युत, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उद्यानिकी, रेशम पालन, श्रम विभाग आदि शामिल थे। इसी क्रम में लखपति दीदियों ने भी बिहान समूह से कैसे लखपति बनीं और कौन से काम से लखपति बने उनकी कहानी बयां की।

### ग्रामीणों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

# जिले की ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जिले के सभी जनपद पंचायतों के ग्राम पंचायत मुख्यालयों में सोमवार को विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन, पर्यावरण संरक्षण तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भागीदारी निभाई।


उल्लेखनीय है कि राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण विकास भवन नया रायपुर के पत्र के परिपालन में तथा छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी द्वारा जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों में 18 मई को सायं 4 बजे विशेष ग्राम सभा आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए थे। आदेश में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के वाचन और पालन सुनिश्चित कराने पर विशेष जोर दिया गया था। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, घर घर कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक अपशिष्ट नियंत्रण तथा स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े



प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों और स्वच्छता कार्यकर्ताओं ने बताया कि स्वच्छ वातावरण केवल स्वास्थ्य सुरक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि गांवों के सतत विकास और सामाजिक जागरूकता का आधार भी है। ग्रामीणों को सूखा और गीला कचरा अलग अलग रखने, प्लास्टिक उपयोग कम करने तथा सार्वजनिक स्थलों की नियमित साफ सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। ग्राम सभाओं में स्वच्छता को जनआंदोलन का स्वरूप देने पर विशेष बल दिया गया। महिला स्व.सहायता समूहों, स्वच्छाग्राही दीदियों और ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाते हुए गांवों को स्वच्छ और प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई गई।

# पेट्रोल पंप पर कांग्रेस का धरना

**रायगढ़।** कांग्रेस द्वारा मूल्यवृद्धि को लेकर पेट्रोल पंप पर दिए गए धरना पर जिला भाजपा अध्यक्ष दीवान ने कहा धरने के पहले कांग्रेस अपने गिरेबान में झांक ले, जनता सब याद रखती है। कांग्रेस राज में पेट्रोल-डीजल के 'सौतेले इतिहास का स्मरण कराते हुए जिला भाजपा ध्यक्ष अरूण धर दीवान ने कांग्रेसियों को 2004 से -2014 तक यूपीए का कार्यकाल स्मरण कराया । कांग्रेस राज में पेट्रोल-डीजल के लिए लंबी लाइनें लगती थीं। डिब्बे लेकर लोग भटकते थे। आज 24 घंटे पंप खुले हैं,सप्लाई निर्बाध है। 1 दिन में 5 रुपये बढ़ाने वाली मनमोहन सरकार ने 2012 में एक झटके में पेट्रोल 7.54 रु/लीटर महंगा किया था। डीजल पर तो 10 साल तक कंट्रोल ही नहीं था। 2008 से 2014 तक डीज़ल 120 प्रतिशत वृद्धि साथ 26 रु से 58 रु पहुंच गया। राजकोषीय घाटा कम रखन के लिए 1.44 लाख करोड़ के ऑयल बॉन्ड जारी कर दिए। यानी बाप कर्ज ले, बेटा चुकाए। मोदी सरकार आज भी कांग्रेस द्वारा लिए 2 लाख करोड़ का कर्ज ब्याज समेत चुका रही है। यदि ये कर्ज नहीं चुकाते तो आज पेट्रोल 150 रु लीटर होता। छत्तीसगढ़ में मची लूट का स्मरण कराते हुए दीवान ने कहा भूपेश सरकार ने 5 साल में पेट्रोल पर 28प्रतिशत वीएटी वसूला जो पूरे देश में सबसे ज्यादा था। सेस के नाम पर 1 रुपए लीटर अलग से वसूल कर जनता को लूटा, फिर केंद्र को कोसते रहे। युद्ध की वजह से तेल को लेकर वैश्विक संकट हो इसी बाद भी मोदी की नीतियों को लेकर भारत सबसे मजबूत है।आज रूस-यूक्रेन युद्ध, इजरायल-हमास तनाव के कारण कच्चा तेल 90 डॉलर बैरल पार कर गया। इसका असर पूरी दुनिया पर है, पर कांग्रेस को सिर्फ मोदी विरोध दिखता है।





# 78 साल के एक्टर अशोक ने कान फेस्टिवल में मचाई धूम

**मुंबई।** कान फिल्म फेस्टिवल में 78 साल के अभिनेता अशोक सराफ ने भी शिरकत भी की। वह अपनी पत्नी और एक्ट्रेस निवेदिता जोशी सराफ के साथ शामिल हुए। इस मौके पर उनके लुक और पहनावे ने सबका ध्यान अपनी तरफ खींचा है। अशोक सराफ जहां कान फिल्म फेस्टिवल में बंद गले का सफेद कोट पहने नजर आए। वहीं पत्नी निवेदिता ने महाराष्ट्रियन साड़ी पहनी थी, इस पर प्रकृति से प्रेरित चित्र बने थे। दोनों हाथ में हाथ डाले, कान फेस्टिवल के रेड कारपेट पर चले। सोशल मीडिया पर फैंस ने इनके लुक और अंदाज को खूब पसंद किया। अशोक सराफ के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मराठी और हिंदी फिल्मों में उम्दा किरदार निभाने के लिए जाने जाते हैं। मराठी फिल्म जानकी से बतौर एक्टर उन्होंने शुरुआत की थी। इसके बाद वह बलाचे बाप ब्रह्मचारी, भूतचा भाऊ और धूम धड़ाका जैसी मराठी फिल्मों में नजर आए।

## लाइफ Style

# सारा
## एक बार धोखेबाज का टैग लग गया तो हटता नहीं

सारा अली खान अक्सर अपनी लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में रहती हैं। अब सारा अली खान ने धोखा और धोखेबाज को लेकर बात की। सारा अली खान और आयुष्मान खुराना इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'पति पत्नी और वो दो'को लेकर चर्चाओं में हैं। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

फिल्म प्यार, शादी, शक और धोखे पर आधारित है। इस बीच सारा अली खान ने रिश्ते में चीट करने यानी धोखा देने को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली कहावत पर भी अपनी प्रतिक्रिया दी। हाल ही में एक बातचीत के दौरान जब सारा अली खान से 'वन्स अ चीटर ऑलवेज अ चीटर'वाली थ्योरी पर राय मांगी गई, तो एक्ट्रेस ने इससे सहमति जताई। सारा ने कहा, 'मैं मानती हूं कि एक बार धोखा देने वाला, हमेशा धोखेबाज होता है। क्योंकि, उसने धोखा दिया है। धोखेबाज की परिभाषा क्या है? अगर किसी ने धोखा दिया है, तो वह धोखेबाज है।' हालांकि, फिल्म के साथी कलाकारों आयुष्मान खुराना और रकुल प्रीत सिंह ने सारा के मत से सहमति नहीं जताई। आयुष्मान खुराना ने इस कहावत पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'एक बार धोखा देने वाले से एक बार धोखा देने वाले बनने तक का सफर होता है। कोई भी जन्म से धोखा देने वाला नहीं होता।'वहीं ,रकुल प्रीत सिंह ने भी आयुष्मान से सहमति जताते हुए कहा कि जरूरी नहीं कि वह व्यक्ति दोबारा धोखा दे। हालांकि, सारा इससे सहमत नहीं थीं और उन्होंने कहा, 'आपको धोखेबाज का लेबल लग जाता है और इसे बदला नहीं जा सकता। अगर वह धोखेबाज है, तो संभावना है कि वह दोबारा धोखा देगा, लेकिन शायद नहीं भी दे।



## हॉलीवुड मसाला

# सिल्वेस्टर -जेनिफर ने मनाई शादी की सालगिरह




**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर सिल्वेस्टर स्टेलोन (रॉकी) और उनकी पत्नी जेनिफर फ्लेविन ने अपनी शादी के 29 साल पूरे कर लिए हैं। इस खास मौके पर सिल्वेस्टर ने सोशल मीडिया पर अपनी पत्नी के लिए एक बेहद प्यारा संदेश लिखा है। सिल्वेस्टर ने पत्नी जेनिफर के साथ अपनी एक खूबसूरत तस्वीर इंस्टाग्राम पर शेयर की। इस खास तस्वीर के साथ उन्होंने शादी की सालगिरह की बधाई देते हुए कैप्शन में लिखा, 'तुम मेरी जिंदगी को मतलब देती हो।' सिल्वेस्टर की इस पोस्ट को फैंस बहुत पसंद कर रहे हैं। लोगों ने कमेंट सेक्शन में इस जोड़ी को 'खूबसूरत और प्यारा जोड़ा' बताया। इसके साथ ही फैंस ने उन्हें शादी की सालगिरह की ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं।



# गर्लफ्रेंड एलिस के साथ तीसरे बच्चे का स्वागत करेंगे जेमी

**लॉस एंजिल्स।** जेमी फॉक्स जल्द ही तीसरी बार पिता बनने वाले हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उनकी गर्लफ्रेंड एलिस हक्सटेप प्रेग्नेंट हैं और दोनों अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रहे हैं। बता दें कि जेमी फॉक्स पहले से दो बेटियों के पिता हैं। उनकी बड़ी बेटी कोरिन फॉक्स एक्स पार्टनर कॉनी क्लाइन से हैं, जबकि दूसरी बेटी क्रिस्टिन ग्रैनिस से हैं। दिलचस्प बात यह है कि इसी साल जनवरी 2025 में खबरें आई थीं कि जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का ब्रेकअप हो गया है। उस वक्त एक सोर्स ने बताया था कि जेमी अपने काम में काफी बिजी हैं और उनकी जिंदगी में बहुत कुछ चल रहा है। हालांकि, बाद में दोनों फिर साथ नजर आए। उन्हें कई बार एक साथ स्पॉट किया गया, जिसमें मलिबू और मियामी की आउटिंग्स भी शामिल थीं। जेमी फॉक्स और एलिस हकस्टेप का नाम पहली बार साल 2022 में जुड़ा था, जब दोनों को कान्स में एक यॉट पर साथ देखा गया था। इसके कुछ समय बाद एलिस, जेमी की फिल्म डे शिफ्ट के प्रीमियर में भी उनके साथ नजर आई थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साल 2023 में जेमी फॉक्स की हेल्थ इमरजेंसी के दौरान भी एलिस उनके साथ मजबूती से खड़ी रहीं। उस समय एक्टर को ब्रेन ब्लीड और स्ट्रोक की समस्या हुई थी।



# कान से सामने आया हुमा का दमदार लुक

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री हुमा कुरैशी ने हाल ही में कान फिल्म फेस्टिवल 2026 में शिरकत की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कान से अपना एक और दमदार लुक शेयर कर फैंस का दिल जीत लिया है। हुमा के फैंस उनकी इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। हुमा कुरैशी का कान फिल्म फेस्टिवल से एक नया लुक सामने आया है। इस नए लुक में हुमा एक शानदार काले गाउन में बेहद ही खूबसूरती से पोज देती नजर आ रही हैं। रेड कार्पेट पर जाने से पहले हुमा का यह बेबाक और ग्लैमरस अंदाज उनके फैंस को बेहद पसंद आ रहा है। ब्लैक गाउन के साथ हुमा ने अपने इस लुक को स्टेटमेंट डायमंड ज्वेलरी के साथ स्टाइल किया है। कान से अपनी इन शानदार तस्वीरों को हुमा ने इंस्टग्राम पर शेयर किया है। इस लुक के साथ हुमा ने कैप्शन में लिखा, 'अगर आप कान में मिलें, तो मुझे पकड़ लीजिएगा।



# भूमि ने की दलाई लामा से मुलाकात

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने हाल ही में दलाई लामा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। भूमि ने इस मुलाकात को बहुत खास और यादगार बताया। भूमि ने इंस्टाग्राम पर दलाई लामा से मुलाकात की कई तस्वीरें शेयर की हैं। इन तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'दलाई लामा के पास सब कुछ हल्का, शांत और अलौकिक लग रहा था।' जब वह वहां से निकलीं तो उनकी आंखों में आंसू थे। उन्होंने लिखा, 'यह एक ऐसा एहसास है, जिसे मैं शब्दों में बता नहीं सकती, सिर्फ महसूस कर सकती हूं।' भूमि ने इस पोस्ट में कई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें वह दलाई लामा के सामने सिर झुकाते हुए और भावुक होते हुए दिख रही हैं। कुछ तस्वीरों में मठ का शांत वातावरण भी दिख रहा है।

## टीवी मसाला



# सबा ने पूरी की सीरीज स्टॉर्म की शूटिंग बॉयफ्रेंड ऋतिक ने की है प्रोड्यूस

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार ऋतिक रोशन की गर्लफ्रेंड व अभिनेत्री सबा आजाद जल्द ही ऋतिक के प्रोडक्शन हाउस एचआरएक्स फिल्म्स के बैनर तले बन रहे अगले प्रोजेक्ट में नजर आएंगी। हाल ही में सबा ने खुलासा किया कि उन्होंने आगामी थ्रिलर सीरीज 'स्टॉर्म'की शूटिंग पूरी कर ली है। सबा ने अपने सीरीज की कहानी और अपने किरदार को लेकर बात की। एक बातचीत के दौरान सबा आजाद ने बताया कि इस भूमिका ने उन्हें इमोशनली बहुत प्रभावित किया। उन्होंने इस किरदार को अपने करियर की अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण परफॉर्मेंस में से एक बताया। सीरीज में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह पूरी प्रक्रिया मेरे लिए काफी हैरान करने वाली और शानदार रही। इस सीरीज ने मुझे उन तरीकों से झकझोर दिया, जिनकी मैंने उम्मीद नहीं की थी। मुझे लगता है कि मैं इसे घर ले गई और मुझे नहीं लगता कि मैं पहले कभी किसी किरदार को घर ले गई हूं। मैं लोगों के इसे देखने के लिए काफी उत्साहित हूं। मुझे लगता है कि उस शो में कुछ बेहतरीन कलाकार हैं और अजीतपाल सिंह (निर्देशक) एक जीनियस हैं। स्टॉर्म की कहानी मुंबई में हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े एक घोटाले में फंसी पांच महिलाओं के जीवन के इर्द-गिर्द घूमती है। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, ये महिलाएं भ्रष्टाचार, धोखे और मुंबई जैसे शहर में अपने जीवन के संघर्ष से जूझती नजर आती हैं।

## पंचायत सीजन 5 को लेकर सामने आई नई जानकारी

**नई दिल्ली।** ओटीटी की दुनिया का लोकप्रिय शो पंचायत के अगले यानी पांचवें सीजन का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले साल सीरीज का चौथा सीजन आया था, जिसका अंत एक रोमांचक मोड़ पर हुआ था। इसके बाद से ही फैंस सीरीज के पांचवें सीजन का इंतजार कर रहे हैं।



ओटीटी प्लेटफॉर्म ने पिछले महीने शो की आधिकारिक घोषणा की थी। अब शो को लेकर कुछ नई जानकारी सामने आई है। पिछले महीने अपने आगामी सीजन को लेकर जब प्राइम वीडियो ने घोषणा की थी, तब उसमें 'पंचायत' सीजन 5 का नाम भी शामिल था। पंचायत का पांचवां सीजन इसी साल 2026 में रिलीज होगा। हालांकि, सीरीज की कंफर्म रिलीज डेट का दर्शक अभी भी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पांचवें सीजन में कहानी और भी आगे बढ़ेगी। मेकर्स ने पहले ही इस बात का संकेत दे दिया था कि इस सीजन में चौथे सीजन में अधूरे रह गए सवालों के जवाब मिलेंगे। साथ ही संभव है कि कई ट्विस्ट भी इस बार कहानी में नजर आएंगे। जानकारी के मुताबिक, इस सीजन में सचिव जी अभिषेक त्रिपाठी को फुलेरा में एक कठिन दौर का सामना करना पड़ेगा।

# अमिताभ ने दिखाया ईरान का 134 साल पुराना एकमात्र हिंदू विष्णु मंदिर

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमिताभ बच्चन ने ईरान के बंदर अब्बास शहर में बने 134 साल पुराने हिंदू विष्णु मंदिर का एक अनदेखा वीडियो शेयर किया है, जो बहुत ही प्यारा है। इस वीडियो को शेयर कर अमिताभ ने भारत और ईरान के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों की झलक और उसकी अहमियत दिखाने की कोशिश की है। अमिताभ बच्चन के इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। फेसबुक पर शेयर किए विष्णु भगवान के मंदिर के इस वीडियो को देख फैंस ने कहा कि यह अमिताभ बच्चन का साल का सबसे बेहतरीन पोस्ट है। विष्णु मंदिर का वीडियो शेयर कर अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'ईरान के बंदर अब्बास शहर में स्थित प्राचीन हिंदू विष्णु मंदिर। काजर काल में 1892 में निर्मित, यह मंदिर शहर में काम करने वाले भारत के हिंदू व्यापारियों के लिए बनाया गया था। गाना फारसी भाषा में है।' वीडियो में 134 साल पुराने बने मंदिर की पुरानी बनावट नजर आ रही है। साथ में विष्णु भगवान की उस सदी की मूर्तियां और नक्काशी दिख रही है। अमिताभ बच्चन जल्द की 'कल्कि 2898 एडी' के सीक्वल में नजर आएंगे, जिसके लिए उन्होंने कुछ हफ्ते पहले कमल हासन के साथ शूटिंग भी की थी। इसके अलावा नितेश तिवारी की 'रामायणम्' के लिए भी उनके नाम की चर्चा है, पर अभी तक इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।



# वेलकम टू द जंगल का टाइटल ट्रैक रिलीज

एजेंसी ⏭ मुंबई

अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, दिशा पाटनी, जैकलीन, रवीना टंडन सहित कई चर्चित सितारों से सजी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' बॉलीवुड की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शामिल है। इतने सारे सितारे जहां होंगे, वहां एंटरटेनमेंट का तगड़ा डोज मिलना पक्का है। इस फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो चुका है और काफी धमाकेदार है। फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' का गाना सोमवार को आया है। इसमें एक्शन भी है, इमोशन भी हैं और भरपूर कॉमेडी का डोज है। जंगल का इलाका है और अक्षय कुमार अपनी टोली के साथ वहां मौजूद हैं। जंगल में एक से बढ़कर एक चैलेंज सामने आते हैं। पूरी टोली सर्वाइव करती है। साथ में मस्ती भी भरपूर होती है। इस टाइटल ट्रैक के जरिए यह बात कंफर्म हो चुकी है कि अक्षय कुमार का फिल्म में डबल रोल है। अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से यह गाना साझा किया है। उन्होंने इसके साथ कैप्शन लिखा है, 'इस जंगल में अब दहाड़ भी होगी और शोर भी होगा। फिल्म का टाइटल ट्रैक रिलीज हो गया है'। यह फिल्म 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म बॉलीवुड की पॉपुलर 'वेलकम' फ्रेंचाईजी की तीसरी किस्त है। इसमें अक्षय कुमार के अलावा अरशद वारसी, सुनील शेट्टी, दिशा पाटनी, जैकलीन फर्नांडिस, जैकी श्रॉफ, पेरश रावल, राजपाल यादव, रवीना टंडन और कीकू शारदा सहित कई चर्चित सितारे हैं। इस फिल्म का निर्देशन अहमद खान ने किया है। फिल्म के गाने की बात करें तो गाने की तो इसे संगीतकार जोड़ी साजिद-वाजिद ने कंपोज किया है। इस गाने को रीक्रिएट संस्करण के साथ जारी किया गया है। पहले की तरह इस बार भी आवाज शान ने दी है।

## डबल रोल निभाएंगे अक्षय



## अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी, जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है

# बॉलीवुड की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस, अंग्रेजों की नाक में किया था दम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लीला लिटनिस आज के दौर में आपने यह नाम नहीं सुना होगा। वह भले ही मीना कुमारी, मधुबाला और मुमताज जैसी पॉपुलर नहीं हुईं, लेकिन उन्होंने सिनेमा में अपनी अदाकारी से ऐसी छाप छोड़ी जिसे शायद ही मिटाया जा सकता है। कर्नाटक में 9 सितंबर 1909 को मराठी परिवार में जन्मीं लीला लिटनिस हिंदी सिनेमा की पहली पढ़ी-लिखी एक्ट्रेस थीं। उनके पिता इंग्लिश लिटरेचर प्रोफेसर थे। ऐसे में परिवार में शिक्षा को लेकर जुनून होना तो तय था। उन्होंने भी खूब पढ़ाई की और उस वक्त बीए की डिग्री हासिल की। लीला लिटनिस ने सिनेमा में कदम रखा, कभी एक्स्ट्रा बनीं तो कभी साइड रोल मिला। मगर कम लोग जानते हैं कि अभिनय की दुनिया में कदम रखने से पहले एक टीचर थीं।



### अंग्रेजों के खिलाफ उठाई आवाज

लीला लिटनिस करीब 15-16 साल की थीं, जब उनकी शादी डॉक्टर गजानन यशवंत चिटनिस से हो गई थी। दोनों के चार बेटे हुए। इस दौरान लीला अपने पति के साथ अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठा भी उठा रही थीं। उन्होंने अपने घर में एक मशहूर फ्रीडम फाइटर एम.एन रॉय को पनाह दी थी, बिना इस डर के कि अगर किसी को पता चला तो उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है। खैर, अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने के बीच उनकी जिंदगी में एक ऐसा दौर भी आया जब उन्हें अपने संघर्ष से लड़ना पड़ा।

### अकेले की चार बच्चों की परवरिश

जब लीला अपने पति गजानन से तलाक लेकर अलग हुईं तो उन्होंने अपने चार बच्चों की अकेले परवरिश करने का फैसला किया। पहले उन्होंने टीचिंग की और फिर थिएटर ज्वॉइन किया। इसके बाद उन्होंने फिल्मों में कदम रखने का फैसला किया। मगर यह भी कहां आसान था।

### गुमनामी में बीता आखिरी पल

लीला लिटनिस ने हिंदी सिनेमा में करीब 5 दशक तक काम किया। 30s से लेकर 80s तक काम किया और इसके बाद अपने बड़े बेटे के साथ यूएसए में शिफ्ट हो गईं। आखिरी पल उन्होंने बिना किसी लाइमलाइट के गुमनामी में बिताया। साल 2003 में 93 साल की उम्र में एक्ट्रेस का निधन हो गया था।

### 'एक्स्ट्रा' फिल्मों में किया काम

*जब लीला इंडस्ट्री में आईं तो उन्होंने बहुत संघर्ष देखा। उन्होंने कई फिल्मों में 'एक्स्ट्रा' के तौर पर काम किया और फिर साल 1937 में फिल्म जेंटलमैन डाकू से बड़ा ब्रेक मिला। लीला लिटनिस कॅरियर को संवारने वाली फिल्म कंगन साबित हुई जिसके बाद वह लीडिंग लेडी बन गईं।*

### मां के किरदार से मिली पहचान

*लीडिंग रोल्स करने के बावजूद लीला लिटनिस को असली पहचान मां के किरदार से मिले। वह दिलीप कुमार से लेकर राज कपूर और देव आनंद जैसे सुपरस्टार्स की मां की भूमिका निभा चुकी हैं। फिल्मों में अभिनय के साथ-साथ वह डायरेक्टर और प्रोड्यूसर के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। उनकी इकलौती फिल्म आज की बात को उन्होंने ही डायरेक्ट किया था। मगर फिल्म न चलने के बाद वह फिर से एक्टिंग में आ गई थीं। आपको बता दें कि लीला पहली अभिनेत्री थीं, जिन्होंने **Lux** का ऐड किया था।*

## खबर संक्षेप



### वित्त मंत्री ने श्रीरामनाम सप्ताह यज्ञ में की पूजा

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी रायगढ़ प्रवास के दौरान अपने गृह ग्राम बायंग पहुंचे, जहां आयोजित श्रीरामनाम सप्ताह यज्ञ में शामिल होकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख.समृद्धि व खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा, श्रीरामनाम सप्ताह यज्ञ हमारी सनातन संस्कृति की अनुपम परंपरा है। राम नाम मात्र एक शब्द नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की आस्था, मर्यादा और शक्ति का प्रतीक है। सात दिनों तक अखंड रामनाम का जाप वातावरण को ना केवल आध्यात्मिक बनाता है बल्कि क्षेत्र वासियों के राम भक्ति के प्रति अलख जगाता है। ग्रामीण अंचलों में राम नाम यज्ञ सप्ताह का आयोजन समाज में भाईचारा, शांति व सकारात्मकता का संचार करता है। उन्होंने आगे कहा कि भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही छत्तीसगढ़ में रामराज्य की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के प्रति अपने उत्तरदायित्व का भी जिक्र किया। यज्ञ में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, माताएं बहनें एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उपचुनाव के लिए ललित ने किया नामांकन

**खरसिया।** खरसिया विधानसभा अंतर्गत किरोड़ीमल नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 6 के उपचुनाव में भाजपा ने पूरी ताकत झोंक दी है। सोमवार को भाजपा प्रत्याशी एवं भाजयुमो मंडल उपाध्यक्ष ललित यादव ने अपने समर्थकों के साथ अपना नामांकन दाखिल किया।

### रायगढ़ ने खोया सच्चा प्रहरी : चौधरी

**रायगढ़।** रायगढ़ में पदस्थ रहे निरीक्षक अमित शुक्ला के निधन पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने गहरा शोक जताते हुए कहा रायगढ़ ने एक सच्चा प्रहरी खो दिया है। रायगढ़ जिले में पदस्थ रहे निरीक्षक अमित शुक्ला के आकस्मिक निधन का समाचार हृदय को झकझोर देने वाला है। एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और जनता के प्रति समर्पित पुलिस अधिकारी का यूं अचानक चले जाना पुलिस विभाग सहित रायगढ़ वासियों के लिए अपूरणीय क्षति है। स्व. अमित शुक्ला जी ने अपने सेवाकाल में कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता की सेवा हेतु सदैव तत्परता दिखाई। उनका सहज सरल व्यवहार और कर्तव्य के प्रति निष्ठा को प्रेरणा दाई बताया। इस दुख की घड़ी में गहरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवार के साथ बताते हुए ओपी के ईश्वर से प्रार्थना करते हुए दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने तथा शोकाकुल परिजनों, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की



## पुसौर के मचीदा गांव में लगा शिविर, हितग्राहियों को मिलीं सामग्री

# सुशासन तिहार में मिली पीएम आवास की चाबी, श्रम और राशन कार्ड से हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के ग्राम मचिदा स्थित शिव मंदिर परिसर में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 22 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की उल्लेखनीय भागीदारी देखने को मिली। सुबह से ही ग्रामीण बड़ी संख्या में शिविर स्थल पहुंचने लगे और विभिन्न विभागों के स्टॉलों में अपनी समस्याएं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर में कुल 839 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें मांग एवं शिकायतों से जुड़े विभिन्न विषय शामिल थे। प्रशासन द्वारा कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण कर ग्रामीणों को राहत पहुंचाई गई, जबकि शेष आवेदनों को निर्धारित समय सीमा में हल करने का भरोसा दिया गया।

शिविर में प्रशासन की सक्रियता और अधिकारियों की संवेदनशील कार्यशैली से ग्रामीणों में विशेष उत्साह और संतोष का माहौल देखने को मिला। शिविर में राजस्वए पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, खाद्य, महिला एवं बाल विकास, श्रम, बिजली, पेयजल, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न विभागों द्वारा अलग अलग स्टॉल लगाए गए थे। ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन जमा किए और अधिकारियों से सीधे संवाद कर समाधान प्राप्त किया। जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने शिविर में पहुंचकर आमजन की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 6 हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। साथ ही उन्हें शुभकामना पत्र एवं दीवार घड़ी देकर सम्मानित किया गया। आवास की चाबी मिलने पर हितग्राहियों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने शासन के प्रति आभार व्यक्त किया। श्रम विभाग द्वारा 5 श्रमिकों को श्रम कार्ड वितरित किए गए, जिससे उन्हें शासन की विभिन्न श्रमिक हितैषी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। खाद्य विभाग की ओर से ग्राम पंचायत कोतासुरा के 3 पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता राशन कार्ड प्रदान किए गए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्राम संपदा एवं समर्थ पोर्टल में उत्कृष्ट कार्य करने एवं सर्वाधिक कर वसूली करने वाली ग्राम पंचायत त्रिभौना, नावापाली, मचिदा, नवापारा.बी, तुरंगा एवं टिनमिनी के सचिवों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, संबंधित ग्राम पंचायत के पंच सरपंच एवं सैकड़ों के संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।



शिविर में हितग्राहियों को मिला प्रमाण पत्र।

### स्वच्छता की अलख जगा रहीं स्वच्छाग्राही

इस दौरान गांवों में स्वच्छता अभियान को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने वाली स्वच्छाग्राही दीदियों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्वच्छाग्राही महिलाओं को प्रमाण पत्र और स्वच्छता किट प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण स्वच्छता, जनजागरूकता और सामुदायिक सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ गांव के निर्माण में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है तथा स्वच्छाग्राही दीदियां गांव.गांव में जागरूकता फैलाकर सामाजिक बदलाव की मजबूत कड़ी बन रही हैं। शिविर में ग्रामीण विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया गया।

### समाज कल्याण ने वितरित की सेटेबल वॉकिंग स्टिक



शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण के रूप में सेटेबल वॉकिंग स्टिक वितरित की गई। जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा हितग्राहियों को यह उपकरण प्रदान किया गया। सहायक उपकरण मिलने से वरिष्ठजनों के चेहरे पर खुशी और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। शिविर में ग्राम नवापाली पड़िगांव की श्रीमती ईलाबाई गुप्ता, डीपापारा कलमी के बनमाली गिरी तथा कलमी पुसौर के कैरुलाल यादव को सेटेबल वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई।



## मॉडल रोड के रूप में विकसित होगी ढिमरापुर सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की प्रमुख एवं व्यस्ततम सड़कों में शामिल केवड़ाबाड़ी चौक से सेठ किरोड़ीमल चौक तक स्थित ओपी जिंदल मार्ग अब जल्द ही अंचल की मॉडल रोड के रूप में विकसित होता नजर आएगा। जिंदल फाउंडेशन द्वारा सड़क के नवीनीकरण एवं उन्नयन कार्य की शुरुआत कर दी गई है। सोमवार शाम आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में महापौर जीवर्धन चौहान एवं नगर निगम के जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विधिवत कार्यारंभ किया गया।

ढिमरापुर चौक से केवड़ाबाड़ी चौक के बीच स्थित ओपी जिंदल मार्ग को शहर की जीवनरेखा माना जाता है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते हैं। इसी महत्व को देखते हुए जिंदल फाउंडेशन ने इस सड़क को आधुनिक सुविधाओं से युक्त आदर्श सड़क के रूप में विकसित करने की पहल की है। केवड़ाबाड़ी चौक में आयोजित भूमिपूजन समारोह में महापौर जीवर्धन चौहान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नगर निगम सभापति डिग्रीलाल साहू, एमआईसी सदस्य सुरेश गोयल, श्रीमती पूनम सोलंकी, मुक्तिनाथ बबुआ, अमित शर्मा, वार्ड पार्षद श्रीमती सुमित्रा खुलु सारथी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। जिंदल स्टील लिमिटेड की ओर से कार्यपालन निदेशक देबोज्योति रॉय, एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट संजीव चौहान, सिविल विभाग प्रमुख अमित जैन एवं सीएसआर प्रमुख अपूर्व चौधरी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विधिवत भूमिपूजन एवं नारियल फोड़ने के पश्चात गैंती चलाकर निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सड़क शहर की सबसे महत्वपूर्ण सड़कों में से एक है तथा जिंदल फाउंडेशन द्वारा इसे मॉडल रोड के रूप में विकसित करने से आम नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा।

## पेट्रोल डीजल की कालाबाजारी की तो होगी कार्रवाई, तहसीलदार ने ली बैठक

**कुड़ेकेला।** क्षेत्र में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की किल्लत को लेकर फैल रही भ्रामक अफवाहों और कथित अस्थिरता के माहौल पर प्रशासन ने पूरी तरह से शिकंजा कस दिया है। अफवाहबाजों और जमाखोरों को कड़ा संदेश देते हुए आज छाल तहसीलदार लोमेश मिरी के नेतृत्व में तहसील कार्यालय में आपात बैठक बुलाई गई। इस बैठक में तहसीलदार का बेहद सख्त रुख देखने को मिला जहां उन्होंने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि क्षेत्र में भ्रामक खबरें फैलाने वाले और कालाबाजारी करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है और गड़बड़ी पाए जाने पर सीधे जेल की हवा खानी पड़ सकती है।

इस बैठक में क्षेत्र के खाद्य अधिकारी छाल थाना प्रभारी सहित तहसील क्षेत्र के सभी 8 पेट्रोल पंप संचालक और 2 एलपीजी गैस एजेंसी संचालक मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक का एकमात्र और मुख्य एजेंडा क्षेत्र में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और जनता के बीच फैले भ्रम को जड़ से खत्म करना था। ज़रूरत भर ही मिलेगा ईंधन डिब्बे जरकिन में पेट्रोल देने पर पूरी तरह बैन तहसीलदार लोमेश मिरी ने सभी पंप संचालकों से उनके स्टॉक का लाइव फीडबैक लिया।

### डीजल-पेट्रोल की कोई कमी नहीं

बैठक में मौजूद खाद्य अधिकारी ने सभी संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि क्षेत्र में पेट्रोल डीजल और एलपीजी सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। किसी भी तरह की कोई किल्लत नहीं है। ग्राहकों को उनकी जरूरत के हिसाब से ही ईंधन दें ताकि कोई भी भ्रामक प्रचार के जरिए इसकी कालाबाजारी शुरू न कर सके।

## बढ़ती मंहगाई को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**सरसीवां।** देश प्रदेश में बढ़ती महंगाई, पेट्रोल डीजल, रसोई गैस, खाद्य सामग्री एवं सराफा बाजार में लगातार सोना चांदी के बढ़ रहे दामों के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। यह कार्यक्रम प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष तारा चंद देवांगन के सुझाव अनुसार उक्त धरना प्रदर्शन किया गया। धरना प्रदर्शन पश्चात बढ़ते मंहगाई के रोक के लिए सैकड़ों की संख्या में काग्रेश कार्यकरता ने हाथ में झंडा और मंहगाई विरोधी तख्ती लेकर बढ़ती हुई मंहगाई के विरोध मेंमंहगाई विरोध में नारे बाजी करते हुए रैली निकाल कर नगर भ्रमण किए। उक्त कार्य क्रम में बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरे के मार्ग दर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सरसीवां के अध्यक्ष भीष्म साहू के द्वारा अपने सैकड़ों कार्य कर्ताओं के साथ धरना दिया।



## वार्ड क्रमांक 4 में नवनिर्मित उच्च स्तरीय पानी टंकी से जलापूर्ति का किया गया परीक्षण

**खरसिया।** नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष कमल गर्ग के भगीरथ प्रयासों से शहर की एक बड़ी पेयजल समस्या का स्थाई निराकरण हो गया है। वार्ड क्रमांक 4 में नवनिर्मित उच्च स्तरीय पानी टंकी से आज जलापूर्ति वाटर सप्लाई का सफल परीक्षण किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग के विशेष प्रयासों और लगातार की गई मॉनिटरिंग के चलते यह निर्माण कार्य समय पर पूरा हो सका है। इस टंकी के क्रियाशील होने से शहर के पांच वार्डों की पेयजल समस्या का हमेशा के लिए खात्मा हो गया है। नगर के इन पांच वार्डों में गर्मियों के दिनों में पेयजल की भारी किल्लत हो जाती थी। स्थानीय लोग लंबे समय से एक बड़ी पानी टंकी और सुचारू सप्लाई की मांग कर रहे थे। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए नपा अध्यक्ष कमल गर्ग ने इस दिशा में व्यक्तिगत रुचि ली और वार्ड चार में इस उच्च स्तरीय जलाशय पानी टंकी के निर्माण के लिए न केवल स्वीकृति कराई, बल्कि फंड जारी करवाकर काम को तेजी से आगे बढ़ाया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद आज तकनीकी टीम और पालिका प्रशासन की मौजूदगी में टंकी से वाटर सप्लाई का सफल ट्रायल किया गया। परीक्षण के दौरान पाइपलाइनों और प्रेशर की जांच की गईए जो पूरी तरह सफल रही। पालिका अध्यक्ष कमल गर्ग ने बताया कि इस टंकी के माध्यम से प्रभावित वार्डों के हर घर तक पर्याप्त दबाव के साथ शुद्ध पेयजल पहुंचाया जाएगा।



### वार्डवासियों में हर्ष की लहर

सफल परीक्षण की खबर मिलते ही संबंधित पांचों वार्डों के नागरिकों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और वार्डवासियों ने अध्यक्ष कमल गर्ग के इस जनहितैषी प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि इस सौगात से अब माताओं बहनों को पानी के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा।

## पुसौर में क्रिकेट का रोमांचः इन्द्रप्रस्थ स्टेडियम में रात्रिकालीन मैच शुरू

**पुसौर।** पुसौर के इंद्रप्रस्थ स्टेडियम इन दिनों दूधिया रोशनी से नहाया हुआ है। हर साल राष्ट्रीय स्तर की टीमों के साथ अंतरराज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करने वाला यह मैदान इस बार एक नए प्रयोग का गवाह बन रहा है।

सोमवार से यहां पहले रात्रि कालीन क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आगाज हो चुका है जिसने क्षेत्र के खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह भर दिया है। 18 से 24 मई तक चल रहे इस रोमांचक मैंच में आयोजन समिति के अनुसार इस टूर्नामेंट में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी मुकाबले 18 मई से शुरू होकर 24 मई तक खेले जाएंगे। रात में फ्लड लाइट की रोशनी में सफेद गेंद से होने वाले इन मैचों को देखने के लिए दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है। रात का मौसम और चौके छक्कों की बरसात ने स्टेडियम का माहौल किसी आईपीएल मैच से कम नहीं रहने दिया। मैच का उद्घाटन नगर अध्यक्ष किशोर कसेर के हाथों किया गया। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि मोहित सतपथी नगर उपाध्यक्ष उमेश साव संजू साव विकास होता सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और पुसौर में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों की सराहना की।पर्दे के पीछे के हीरोइस पूरे आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय खेल प्रेमियों की टीम दिन रात जुटी है।









